प्रेस नोट थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर दिनांक 04.09.2024

मारपीट कर लूट का अपराध कारित करने के आरोप में 03 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूट का 01 अदद मोबाइल, 10,600 रुपये नगद व घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा लूट के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के संबंध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक चिलुआताल के नेतृत्व में उ0नि0 अमित चौधरी मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 663/24 धारा 309(6) भा0न्या0सं0 से संबंधित वांछित अभियुक्त 1. संदीप यादव 2. विनय यादव व 3. आकाश राजभर को गिरफ्तार किया गया। कब्जे से लूट की 01 अदद मोबाइल, 10,600 रुपये नगद व घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में 317(2) भा0न्या0सं0 की बढोतरी की गयी। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 03.09.2024 को वादी मुकदमा द्वारा मोटरसाइकिल से गोरखपुर जाते समय तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा रास्ते में रोककर मारपीट कर वादी मुकदमा का मोबाइल व 20 हजार रुपये छीन लेने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता -

1. संदीप यादव पुत्र कृपा शंकर यादव निवासी ग्राम मझरिया थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर
2. विनय यादव पुत्र राम दरश यादव निवासी घुन घुन कोठा थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर
3. आकाश राजभर पुत्र श्रीनाथ राजभर निवासी घुन घुन कोठा थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण -

मु0अ0सं0 663/24 धारा 309(6),317(2) भा0न्या0सं0 थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर

बरामदगी–

1. घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल
2. लूट का 01 अदद मोबाइल
3. लूट की धनराशी 10,600 रुपये

गिरफ्तारी की टीम-

1.उ0नि अमित चौधरी थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर
2. प्र0उ0नि0 राकी जायसवाल थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर
3. का0 अमन कुमार थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर
4. का0 अभिषेक प्रसाद थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर
5. का0 राहुल यादव थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर